प्रेषक,

सचिव,
उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड,
लेखराज मार्केट–2, द्वितीय तल, फैजाबाद रोड, इन्दिरा नगर, लखनऊ।

सेवा में,

उपश्रमायुक्त,
कानपुर, आगरा, झांसी, मुरादाबाद, मेरठ, गाजियाबाद,
आजमगढ़, देवीपाटन मण्डल गोण्डा एवं पिपरी मिर्जापुर।

पत्रांक–3559-63/भ0नि0बो0(1338)/18,   दिनांक–   26/09/2018

विषयः– उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की आवासीय विद्यालय योजना के संबंध में।

महोदय,

कृपया अवगत कराना है कि बोर्ड के अंतर्गत 12 जनपदों कानपुर नगर, इटावा, फिरोजाबाद, आगरा, मेरठ, गाजियाबाद, मुरादाबाद, बहराइच, कन्नौज, ललितपुर, आजमगढ, एवं भदोही में आवासीय विद्यालय संचालन हेतु तीन नवीन संस्थाओं का चयन किया गया जिनमें जनपद का आवंटन निम्नवत हैः–

क्र0 सं0	**संस्था का नाम**	**बालक/बालिका आवासीय विद्यालयों हेतु आवंटित जनपद**
1	क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केन्द्र लखनऊ	मेरठ, गाजियाबाद, बहराइच, आगरा फिरोजाबाद एवं भदोही
2	उद्यमिता विकास संस्थान उ0प्र0,	आजमगढ़, मुरादाबाद, कन्नौज एवं इटावा
3	समाज शास्त्र विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ,	ललितपुर एवं कानपुर नगर

उपर्युक्त संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा पूर्व से संचालित आवासीय विद्यालय का हस्तांतरण दिनांक 01.10.2018 से पूर्व करना है, जिससे दिनांक 01.10.2018 से आवासीय विद्यालय का संचालन नवीन संस्थाओं द्वारा किया जा सकें।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि आप अपने निर्देशन में आवासीय विद्यालय संचालन से संबंधित समस्त चल व अचल सम्पत्तियों/सामान्यों एवं नामांकित बालक/बालिकाओं से संबंधित समस्त अभिलेखों का स्थानांतरण महिला समाख्या उ0प्र0 से उपर्युक्त वर्णित तीन नवीन संस्थाओं को कराना सुनिश्चित करें,

जिससे नवीन संस्थाओं द्वारा दिनांक 01.10.2018 से आवासीय विद्यालयों का संचालन सुचारूरूप से किया जा सकें।

<u>संलग्नक–पूर्व में संचालित 12 जनपदों में आवासीय विद्यालयों का विवरण।</u>

भवदीय,

Sd/-
o/c
(सतीश पाल)
सचिव
उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण
कर्मकार कल्याण बोर्ड, लखनऊ।

पत्रांक–3559-63/भ0नि0बो0(1338)/18, दिनांक– 26/09/2018

प्रतिलिपिः–

1. प्रमुख सचिव श्रम/अध्यक्ष बोर्ड को सूचनार्थ प्रेषित।
2. उद्यमिता विकास संस्थान, उ0प्र0 लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।
3. ई0ए0के0 गुप्ता, क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केन्द्र, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।
4. डॉ0डी0आर0 साहू, विभागाध्यक्ष, समाजशास्त्र, विभाग, लखनऊ, विश्वविद्यालय लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।
5. राज्य परियोजना निदेशक, महिला समाख्या उ0प्र0 5/13 विशाल खण्ड गोमतीनगर लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।

Sd/-
o/c
(सतीश पाल)
सचिव
उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण
कर्मकार कल्याण बोर्ड, लखनऊ।